15.02.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा प्रदर्शनी भारत टेक्स में भाग लेंगे।

○ उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी ने कहा–जयपुर में आईफा अवार्ड के आयोजन से प्रदेश के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी।

○ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान किया–महाकुंभ को संस्कृति और आस्था का केन्द्र बताया।

○ जालौर महोत्सव की आज से शुरूआत हुई–भरतपुर स्थापना दिवस के कार्यक्रमों के तहत लोगों ने श्रमदान किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक आयोजन है, जो 14 से फरवरी से शुरू हुआ था और सोमवार तक चलेगा। भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग क्षेत्र में कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की सम्पूर्ण वस्त्र श्रृंखला को एक साथ लाता है।

आयोजन में 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतर्राष्ट्रीय खरीददार भाग ले रहे हैं। इसमें 70 से अधिक सत्र, गोलमेज बैठक, पैनल चर्चा और मास्टर क्लासेस वाले वैश्विक स्तर के सम्मेलन भी शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में विशेष नवाचार और स्टार्टअप मंडप बनाए गए हैं। इस दौरान हैकथॉन आधारित स्टार्टअप पिच फेस्ट और इनोवेशन फेस्ट, टैक टैंक और डिजाइन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है। इसमें प्रमुख निवेशकों के माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तपोषण का भी अवसर मिल रहा है।

000

उपमुख्यमंत्री, दिया कुमारी ने कहा है कि जयपुर में आईफा अवार्ड–2025 के आयोजन से प्रदेश के पर्यटन को नई पहचान मिलेगी। आज पत्रकारों से बातचीत में दिया कुमारी ने कहा इस आयोजन से पारम्परिक क्षेत्रों के साथ नये क्षेत्रों में भी पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर साल आईफा की तरह बड़े आयोजन करवाए जाएंगे, जिससे रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे और सरकार के राजस्व में भी बढोतरी होगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बजट सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनके सुझाव लिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जनता तक सही तरीके से पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है।

000

प्रसार भारती के अध्यक्ष, नवनीत कुमार सहगल ने आज जयपुर दूरदर्शन केंद्र का अवलोकन किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने जयपुर दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली और समसामयिक तथा जनहित के कार्यक्रमों को बढ़ाने के निर्देश दिए। श्री सहगल ने कार्यक्रमों में नवाचार और अभिनव प्रयोग करने पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप युवाओं की सहभागिता से कार्यक्रम निर्माण पर बल दिया। इस दौरान, उन्होंने दूरदर्शन परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इससे पहले श्री सहगल ने कल आकाशवाणी केंद्र जयपुर का दौरा कर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने रेडियो को हर नागरिक की आवाज़ बनाने के लिए दिशा–निर्देश दिये।

000

कोटा जिले के गड़ेपान स्थित सरकारी स्कूल के पास आज एक फैक्ट्री से गैस रिसाव से कई छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। सूचना मिलने पर जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और हताहत बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया। जिला कलेक्टर रवि गोस्वामी ने बताया कि सभी बच्चों की हालत स्थिर है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

..............

इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पूरे मामले की अधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

000

प्रदेश के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग देने के लिए चलाए जा रही 'मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग' योजना के आवेदन की आखिरी तारीख बढाकर 23 फरवरी कर दी गई है। विद्यार्थियों की मांग पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किये हैं। विभाग के मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि राज्य सरकार का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा छात्र–छात्राओं को योजना से लाभान्वित करना है। श्री गहलोत ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन एसएसओ पोर्टल के जरिए या एसजेएमएस एप पर जाकर ऑनलाइन भर सकते हैं।

000

<u>समाचार महाकुंभ से –</u>

..............

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज प्रयागराज में महाकुंभ में पवित्र स्नान किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ने महाकुंभ को संस्कृति और आस्था का केन्द्र बताते हुए कहा कि ये करोड़ों लोगों की श्रद्धा का महाकुंभ है।

..............

केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी आज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है।

..............

इस बीच, प्रयागराज महाकुंभ के शेष दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना के मद्देनजर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने अगले तीन दिन के दौरान दो हजार दो सौ पचास अतिरिक्त बसें चलाने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने अधिकारियों को बसों के सुचारु संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा के निर्देश दिए हैं।

................

राज्यभर में इन दिनों एग्रिस्टैक योजना के तहत ग्राम पंचायतों में किसानों के पंजीयन किये जा रहे हैं। इनमें किसानों को फार्मर आई डी दी जा रही है। इससे कृषि क्षेत्र की सभी सरकारी सुविधाओं का फायदा किसानों को मिलेगा। इसी कड़ी में झालावाड ज़िले में लगाए गए शिविर में बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं। गिरधरपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में उपखंड अधिकारी अभिषेक चारण ने निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि तीन दिन के इस शिविर में सात सौ से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई।

................

जालौर महोत्सव की आज से शुरूआत हुई। तीन दिन तक चलने वाले इस समारोह में लोक नृत्य, लोक गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन शहर के विभिन्न मार्गों से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।

..................

भरतपुर स्थापना दिवस समारोह के तहत हो रहे आयोजनों के सिलसिले में में आज तीसरे दिन लक्ष्मण मंदिर पर भजनों का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान ब्रज कलाकारों द्वारा दी गई भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूम उठे। इससे पहले सुबह किला स्थित बांके बिहारी मंदिर और किला क्षेत्र के करीब डेढ़ किलोमीटर परिक्रमा मार्ग में झाड़ियों की कटाई कर आमजन ने श्रमदान किया। इस कड़ी में रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय में स्वतंत्रता सेनानियों का देश की आजादी में योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

**000**

हनुमानगढ़ में नशा मुक्त अभियान तहत विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए आज नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। जिला कलेक्टर द्वारा गठित मानस प्रकोष्ठ की टीम ने जंक्शन के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में "उजड़ते आशियाने" विषय पर नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नाटक और गीतों के जरिए नशा मुक्ति का सशक्त संदेश दिया गया।

**000**

प्रदेश में सुबह शाम गुलाबी ठंडक बनी हुई है। वहीं 20 से अधिक स्थानों पर दिन का पारा 30 डिग्री या इससे ऊपर दर्ज किया गया है। सबसे अधिक 35 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में भी दिन का तापमान 29 डिग्री को पार कर गया है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य औसत से 2 से 7 डिग्री ऊपर चल रहा है। विभाग ने आगामी 48 घंटों में तापमान 1 से 3 डिग्री और बढोतरी होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं 18 से 20 फरवरी के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के असर से उत्तर–पश्चिम हिस्सों में कहीं–कहीं बादल छाए रहने और बीकानेर तथा जयपुर संभाग में हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं।

**000**